53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 25.5°c अधिकतम 32.9 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:02, सूर्यास्त - 6:26 | वर्ष : 53/अंक : 253 शनिवार, 13 सितम्बर 2025 अश्विन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

कोई कुछ भी बोले स्वयं को शांत रखो, क्योंकि धूप कितनी भी तेज हो समुद्र को नहीं सुखा सकती।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

अगर वोट की डकैती चलती रही, तो देश की जनता भी आसपास के देशों की तरह सड़कों पर दिखाई देगी : अखिलेश यादव



हम तो नेता गिरी..... गिराते हैं.... बात हम अक़्ल की नहीं करते......

# जर्जर गोल मार्किट गिरने का इंतजार, अभी ध्यान दे लो सरकार

**मुजफ्फरनगर, 12 सितंबर (बु)।** अक्सर लोग सांप निकलने पर लकीरें पीटते दिखाई देते हैं, मगर उस समय लकीरें पीटने से कुछ हासिल नहीं होता। ऐसा ही कुछ शहर के बीचोंबीच या यूं कहिए शहर के दिल में बसी गोल मार्किट के बारे में भी कहा जाए तो यह गलत न होगा। आपको याद दिला दें कि अब से दो माह पूर्व खुद ही नगर पालिका परिषद द्वारा बड़े-बड़े अक्षरों में लिखकर दो से तीन बोर्ड टांगे गए थे, कृपया इसके नीचे विश्राम न करें और न ही छतों के ऊपर खड़े हों, क्योंकि यह इमारत जर्जर हालत में है। बावजूद उसके आज दो माह बीत जाने के बाद भी यदि किसी ने एक तसला सीमेंट से चिनाई तक भी वहां कराई हो, तो जरूर आकर बताएं। या ऐसी लापरवाही को देखकर यही माना जाये कि किसी दिन कोई बड़ा हादसा होगा, तभी जाकर डबल इंजन की सरकार जागेगी। ऐसे में दुकानदारों को भी इसलिए दोषी माना जाएगा क्योंकि जर्जर हालत में चल रही गोल मार्किट में वे आराम से बैठे हैं, कहीं भी कोई गुहार उन्होंने नहीं लगाई है कि इस मार्किट को ठीक कराया जाये और यहां का नियम है कि जब तक बच्चा रोता नहीं, मां तक दूध पिलाती नहीं। ऐसे में सरकार तो अपने आप क्या चिंता करेगी? जल्द ही इस गंभीर मामले में यदि प्रशासनिक अधिकारियों, नगर पालिका प्रशासन और नेताओं ने कोई ध्यान न दिया तो वास्तव में किसी दिन कोई बड़ा हादसा होगा और कोई जनहानि भी हो सकती है। इन तस्वीरों से आम आदमी अंदाजा लगा पाए या न लगा पाए मगर बुद्धिजीवी प्रशासन जरूरत अंदाजा लगा सकता है कि कब कौन सी ईंट गिरकर नीचे गिर जाएगी, इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता।


## खुद ही देख लो बिल्डिंग का जर्जर हाल, कहीं से गिर रहा प्लास्टर तो कहीं साफ दिखाई दे रहे बीम गिरने के हालात

**मुजफ्फरनगर।** कभी-कभी सुनी सुनाई बातों पर यकीन नहीं आता तो तस्वीरों के माध्यम से नगर पालिका प्रशासन और आकिारी फिलहाल के गोल मार्किट के हालात इन तस्वीरों में देख सकते हैं। वैसे तो अधिकारियों और नेताओं को सबकुछ नजर आता है, मगर किस चीज को कैसे नजरअंदाज किया जाये, यह भी इन्हें बखूबी पता है। जिस नगर पालिका प्रशासन ने खुद ही इमारत जर्जर होने के बोर्ड लगाए हों, वहीं पालिका प्रशासन आखिर पिछले दो माह से क्यों चुप है और इस गंभीर मामले को अपनी बोर्ड बैठक में नहीं रख पा रहा है? क्या उस दिन का इंतजार किया जा रहा है कि कब ये बिल्डिंग भरभराकर गिरे और हादसे में किसी दुकानदार को चोट आए तभी इस समस्या का निराकरण कराया जाये। खैर यह नगर पालिका प्रशासन का निजी मामला है कि वह किस बात का इंतजार कर रहा है, फिलहाल पालिका प्रशासन एवं प्रशासनिक अधिकारियों से अनुरोध है कि इस बात को नजरअंदाज न किया जाए और गंभीरता के साथ अपने किसी आर्किटेक्ट को भेजकर यह बिल्डिंग और कितने दिन तक टिक पाएगी, इसका सर्वे करा लिया जाये तो बेहतर होगा।










कांवड़ यात्रा के दौरान लगाई गयी फ्लैक्स

# पालिका ईओ और टीएसआई का शानदार काम, एक विभाग ने काटे 6 हजार के तो दूसरे ने काटे 72 हजार 500 रुपए के चालान

**▶▶ ट्रैफिक विभाग ने 3 दुकानों के तो अंसारी रोड पर नॉन पार्किंग में कटे 145 वाहनों के चालान**






**मुजफ्फरनगर, 12 सितंबर (बु.)।** नगर में चल रहे तीन दिन से पालिका ईओ डॉक्टर प्रज्ञा सिंह और ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने शानदार काम किया है। पहले और दूसरे दिन चेतावनी के बाद तीसरे ओर चौथे दिन चलानी कार्रवाई कर अवैध अतिक्रमण व अवैध वाहनों की पार्किंग करने वालों को नियमानुसार चलना सिखा दिया है। यह कार्य शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए सराहनीय बताया जा रहा है। तीन दिनों तक चली इस संयुक्त कार्रवाई से शहर में अवैध अतिक्रमण और गलत पार्किंग की समस्या काफी हद तक कम हुई है।

इस अभियान के पहले दो दिनों में, अधिकारियों ने उन दुकानदारों और वाहन चालकों सहित सड़क किनारे खड़े रहने वाले रेहड़ी वालों को चेतावनी दी थी, जो अपनी दुकानों व रेहड़ी वालों को आगे या सड़कों पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर रहे थे। इस चेतावनी का मकसद लोगों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था। इसके बाद तीसरे और चौथे दिन सख्ती बरतते हुए, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह और सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने चालान काटने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान, गलत तरीके से पार्क किए गए वाहनों और अवैध अतिक्रमणों पर नियमानुसार जुर्माना लगाया गया। इस कार्रवाई का सीधा



असर देखने को मिला, जिससे शहर की मुख्य सड़कों पर यातायात सुगम हुआ और लोगों को चलने-फिरने में आसानी हुई। शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ टीएसआई और पालिका ने संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान, टीएसआई ने 145 नो पार्किंग में खड़े वाहनों के चालान काटे, जिसमें प्रत्येक वाहन के 500 रुपए यानि 72,500 रुपये के चालान

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर

## नावल्टी चौक से लेकर पूरी अंसारी रोड पर दिखा हड़कंप, खूब कटे चालान

**मुजफ्फरनगर, 12 सितंबर (बु.)।** शहर में ट्रैफिक पुलिस ने नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर शिकंजा कसा, जिसमें गलत पार्किंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। टीम ने अवैध रूप से लगाए गए दुकानों के बाहर गलत तरीके से खड़े वाहनों को पहले हटाने के लिए एनाउंसमेंट किया, इसके बाद भी जब वाहन नहीं हटे, तो उनके चालान कर जुर्माना वसूला गया। इस दौरान पूरी अंसारी रोड पर 145 वाहनों से 72,500 रुपए की वसूली की गई। यह अभियान शहर में व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाया गया है और अधिकारियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से शहरवासियों में जागरूकता बढ़ी है और वे नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित भी दिखाई दिए।

# 68 किलो गांजे के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार, साथी फरार

**▶▶ एसएसपी ने पुलिस टीम को की 15 हजार रुपये पुरस्कार देने घोषणा**

**मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)।** सर्विलांस सैल और मीरापुर पुलिस की संयुक्त टीम ने नशा तस्कर गिरोह के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने 68 किलो गांजा बरामद किया है। उक्त बरामद गांजे की कीमत पुलिस ने लगभग 25 लाख रुपए आंकी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी 5 दिन पहले पकड़ी गयी सैंट्रो कार का नम्बर अपनी कार पर लगाकर गांजे की सप्लाई कर रहा था। गिरफ्तार आरोपी का एक साथी पुलिस गिरफ्त से फरार होने में सफल रहा।

शुक्रवार को पुलिस लाइन में एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन सवेरा अभियान के अन्तर्गत मीरापुर थाना प्रभारी बबलू कुमार वर्मा ने अपनी टीम के साथ थाना क्षेत्र में चैकिंग में नशा तस्कर योगेन्द्र कुमार निवासी मंदवाड़ा थाना, बुढ़ाना को गिरफ्तार किया है। इतना ही नहीं उसका एक साथी प्रमोद उर्फ पप्पू निवासी पानीपत हरियाणा फरार हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी द्वारा तस्करी में प्रयोग की जा रही कार से 68 किलो गांजा, एक फर्जी नम्बर प्लेट बरामद की है। आरोपी ने कार की हेड लाइट व स्पेशल बनाए गए बॉक्स में गांजे को छिपाकर रखा था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी उड़ीसा से गांजा खरीदकर लाए थे और हरियाणा व उत्तर प्रदेश में इसे सप्लाई करने का उद्देश्य था। एसएसपी ने बताया कि मीरापुर पुलिस द्वारा पांच दिन पहले मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में नशा तस्करों को गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उनके पास से एक कार बरामद की थी। बरामद कार की नम्बर प्लेट को आरोपी योगेन्द्र ने अपनी कार पर लगा रखी थी। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है। एसएसपी ने गांजा के साथ तस्कर को पकड़ने वाली टीम को 15 हजार रुपए के इनाम देने की घोषणा की है।



## महिला से लूट के आरोपियों की तलाश में पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

**मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के भोपा रोड पर बाइक सवार बदमाशों ने महिला से पर्स लूट की घटना को अंजाम दिया। पर्स में नकदी व मोबाइल मौजूद था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मोहल्ला रामपुरी निवासी अमन पाल अपनी स्कूटी से माता व बहन के साथ जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने के लिए भोपा रोड से जा रहा था। नगर के मौहल्ला शांतिनगर के गेट के सामने बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उसकी मां से पर्स लूट लिया। पर्स में मोबाइल व नकदी थी। पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### 90 ग्राम चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)।** बृहस्पतिवार देर रात भौराकलां थाना प्रभारी मानवेन्द्र सिंह भाटी को जानकारी मिली कि 1 आरोपी हाइवे स्थित गांव मुंडभर गेट पर मादक पदार्थ के साथ खड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चैकिंग के दौरान आरोपी प्रमोद निवासी गांव लालूखेड़ी, थाना तितावी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने 90 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया है।

# देश के 15वें उपराष्ट्रपति बने चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिलाई शपथ

**नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसी)।** नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने 15वें उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राधाकृष्णन को शपथ दिलाई। राधाकृष्णन का कार्यकाल 11 सितंबर 2030 तक होगा। इस दौरान पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए। पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी और वेंकैया नायडू भी समारोह में पहुंचे। इस्तीफा देने के 53 दिन बाद पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में नजर आए। धनखड़ ने 21 जुलाई को हेल्थ इश्यू के कारण इस्तीफा दिया था। एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन को 9 सितंबर को भारत का 15वां उपराष्ट्रपति चुना गया। उन्हें विपक्षी उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के मुकाबले 452 वोट मिले। राधाकृष्णन ने रेड्  डी को 152 वोटों के अंतर से हराया है। अपनी नई जिम्मेदारी की तैयारी में राधाकृष्णन ने गुरुवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से औपचारिक रूप से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी आधिकारिक बयान में इसकी पुष्टि की गई है। उनके इस्तीफे के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। राज्यसभा के महासचिव और निर्वाचन अधिकारी पीसी मोदी के मुताबिक 781 में से 767 सांसदों ने वोट डाले, वोटिंग 98.2% हुई। इनमें से 752 मत वैलिड और 15 इनवैलिड थे। एनडीए को 427 सांसदों का समर्थन प्राप्त था, लेकिन वाईएसआरसीपी के 11 सांसदों ने भी राधाकृष्णन का समर्थन किया। 13 सांसदों ने चुनाव में मतदान से परहेज किया। इनमें बीजू जनता दल के सात सांसद, भारत राष्ट्र समिति के चार, शिरोमणि अकाली



दल का एक सांसद और एक निर्दलीय सांसद शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि एनडीए उम्मीदवार को उम्मीद से 14 वोट ज्यादा मिले, जिससे विपक्षी खेमे में क्रॉस-वोटिंग की अटकलें हैं।

# हत्यारोपी चाचा समेत 3 आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान दबोचा

**मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)।** गुरूवार को पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव दादूपुर में पुरानी रंजिश के चलते चाचा ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर अपने हिस्ट्रीशीटर भतीजे की हत्या कर दी थी। शुक्रवार को हत्या करने वाले आरोपी चाचा समेत तीन आरोपियों को पुरकाजी पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 1 रायफल, 1 मस्कट व 1 तमंचा बरामद हुआ है। मुठभेड़ में तीनों आरोपी पुलिस की गोली लगने से घायल हुए हैं। शुक्रवार को एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता आयोजित कर पत्रकारों को जानकारी दी कि गुरूवार को पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव दादूपुर में हिस्ट्रीशीटर मोनू की उसके चाचा व अन्य साथियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। देर रात थाना प्रभारी पुरकाजी जयवीर सिंह ने मुखबिर की सूचना पर खेड़की से हुसैनपुर मारकपुर मार्ग पर पहुंचकर चैकिंग की तो पुलिस ने आरोपी चाचा करतार सिंह व उसके साथी सोनू उर्फ बलजिन्दर व काका उर्फ सुखजिन्दर निवासीगण गांव दादूपुर की घेराबंदी की। अपने को पुलिस से घिरा देख आरोपियों ने फायरिंग कर दी। इस पर पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तीनों आरोपी पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों के पास से 1 रायफल, 1 मस्कट, 1 तमंचा व 1 बाइक बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक मोनू पकड़े गए आरोपी करतार का भतीजा था। हिस्ट्रीशीटर होने के कारण अक्सर पुलिस मोनू के घर दबिश के लिए आती रहती थी। मोनू को इस बात का संदेह अपने चाचा पर था। इसी के चलते मोनू व उसके चाचा करतार सिंह के परिवार के बीच रंजिश चली आ रही थी। इसी के चलते हत्यारोपी चाचा करतार सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ प्लानिंग कर मोनू की हत्या कर दी।








**डायबिटीज (शुगर) का इलाज सम्भव है।**

जी. टी. बी. हॉस्पिटल देहरादून, उत्तराखण्ड के वरिष्ठ शुगर (डायबिटीज) थायराईड, हारमोन व वजन रोग विशेषज्ञ अब आपके मुजफ्फरनगर में भी उपलब्ध है।

**डॉ. अमित झा**

एम.बी.बी.एस., एम.डी., डी. टी. एम. (डायबिटीज मैनेजमेंट)
पी. जी. डी. आई. पी., डायबिटीज एण्ड एंडोक्रीनोलॉजी

वरिष्ठ विशेषज्ञ :- शुगर (डायबिटीज), थायराईड, हारमोन व वजन
भूतपूर्व चिकित्सक एवं प्रोफेसर एस. एम. आई. मेडिकल कॉलेज, देहरादून एवं मेडिकल कॉलेज, सहारनपुर

मिलने का दिन- प्रत्येक महीने का दूसरा रविवार
समय : प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक

डॉ० साहब 14 सितम्बर, 2025 दिन रविवार को आयेंगे

स्थान : हिन्द सुपर स्पेशयलिटी मैडीकेयर सेंटर
203/52-ए, मेन रोड, सदर बाजार, निकट डॉ. धर्मपाल सिंह अस्पताल, मुजफ्फरनगर-251001 (उ.प्र.)

नाम लिखवाने के लिये सम्पर्क करें :9389253155


## काली नदी के निकट कार बचाने के चक्कर में तीन बाइक सवार घायल







**मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)।** शुक्रवार की देर शाम उस समय तीन बाइक सवार गंभीर घायल हो गए जब उक्त तीनों बाइक सवार एक कार को बचाने के चक्कर में एक दूसरे से भिड़ गए। दोनों बाइकों की भिड़ंत में जिशान पुत्र शमीम (35), जितेन्द्र पुत्र मांगेराम (40), रमेश पुत्र रमेश चन्द्र निवासी पिन्ना गंभीर घायल हो गए। दुर्घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से गंभीर घायल जिशान को एक प्राइवेट हॉस्पिटल के लिए रैफर कर दिया गया। दुर्घटनाग्रस्त लोगों का बताना है कि एक कार को बचाने के प्रयास में उक्त दुर्घटना हुई है।

## पुलिस ने मुठभेड़ में दो लुटेरे दबोचे, 1 बदमाश गोली लगने से घायल

**मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)।** बुढ़ाना पुलिस ने गुरूवार देर रात मुठभेड़ के दौरान दो लुटेरों को धर दबोचा। पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों से लूटे गए जेवरात, तमंचा व बाइक बरामद किये हैं। पुलिस की गोली लगने से घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने प्रेसवार्ता करते हुए जानकारी दी कि 20 अगस्त को मौहल्ला खाकरोबान, थाना बुढ़ाना निवासी हिमांशु ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि अज्ञात बदमाशों ने उसकी मां के कानों से कुंडल व अंगूठी लूट ली थी। देर रात बुढ़ाना थाना प्रभारी सुभाष अत्री को सूचना मिली कि लूट करने वाले बदमाश कांधला बुढ़ाना मोड पर मौजूद हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बदमाशों की घेराबंदी की, अपने को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश नौशाद निवासी गुलर भोज ठंडा थाना गदरपुर जिला रुद्रपुर उत्तराखंड गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके एक साथी वाजिद उर्फ बुड्ढा निवासी शेखपुर फिरोजपुर थाना बहसूमा मेरठ को पुलिस कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से लूटे गए कुंडल, अंगूठी, 6000 रुपए, 1 बाइक व 1 तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों पर कई अपराधिक मामले दर्ज हैं।






# वैज्ञानिकों ने बनाया दुनिया का पहला बोन ग्लू, मिनटों में जोड़ देगा टूटी हुई हड्डी



**बीजिंग, 12 सितंबर (एजेंसी)।** विज्ञान की दुनिया में नई-नई खोज होती रहती हैं। लेकिन, इस बार बैज्ञानिकों ने एक ऐसी खोज की है जो आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगी। चीन के वैज्ञानिकों ने ऐसा पदार्थ विकसित किया है जो टूटी हुई हड्डियों को सिर्फ 2झ3 मिनट में जोड़ सकता है। इसे बोन ग्लू भी कहा जा रहा है। यह दुनिया का पहला ऐसा बोन ग्लू है जो हड्डियों को जोड़ने के लिए मेटल इम्प्लांट की जरूरत को खत्म कर सकता है। इस खोज की खास बात यह है कि यह सीपों से प्रेरित है। समुद्र में रहने वाली सीपें चट्टानों से चिपकने के लिए एक खास तरह का चिपचिपा पदार्थ बनाती हैं। वैज्ञानिकों ने इसी प्राकृतिक गुण को ध्यान में रखते हुए बोन ग्लू तैयार किया है। यह पूरी तरह बायोडिग्रेडेबल है, यानी यह शरीर में 6 महीने के अंदर घुल जाता है और किसी तरह का नुकसान नहीं करता। बोन ग्लू एक जैविक चिपकने वाला पदार्थ है जिसे हड्डी के टूटे हिस्सों पर लगाया जाता है। यह 2झ3 मिनट में सूखकर हड्डियों को मजबूती से जोड़ देता है। इसके बाद शरीर खुद इसे धीरे-धीरे एब्जॉर्ब कर लेता है। यह पारंपरिक मेटल इम्प्लांट की तरह शरीर में स्थायी नहीं रहता। ऑपरेशन के समय इसे आसानी से लगाया जा सकता है। यह शरीर के अंदर किसी प्रकार की एलर्जी या रिएक्शन नहीं करता। बोन ग्लू की खोज मेडिकल साइंस में एक बड़ा कदम है। इससे हड्डी की चोटों का इलाज आसान, तेज और सुरक्षित हो जाएगा। चीन के वैज्ञानिकों की यह खोज मेडिकल जगत में एक नई उम्मीद लेकर आई है। बोन ग्लू न सिर्फ इलाज को आसान बनाएगा, बल्कि मरीजों को लंबे समय तक मेटल इम्प्लांट से होने वाली परेशानियों से भी बचाएगा। अगर यह तकनीक जल्द ही दुनिया भर में इस्तेमाल होने लगे, तो हड्डी की सर्जरी का तरीका ही बदल सकता है।

# - महिला ने सीएम को खून से लिखा पत्र -

## - बोली- दूसरे समुदाय की युवती ने पति को लव जिहाद में फंसा लिया है



**रायबरेली, 12 सितंबर (एजेंसी)।** यूपी के रायबरेली में पति और उसकी प्रेमिका के उत्पीड़न से परेशान महिला ने सीएम योगी को खून से पत्र लिखकर इंसाफ मांगा है। महिला का आरोप है कि दूसरे समुदाय की युवती ने उसके पति को लव जिहाद में फंसा लिया है। उसने पति के सामने ही उसे पीटा। पति को भड़काकर जबरन घर से निकलवा दिया। युवती का इरादा उसके पति की प्रॉपर्टी पर कब्जा करना है। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से प्रतापगढ़ की रहने वाली महिला ने सीएम को एक पत्र भेजा। इसमें लिखा कि करीब 11 साल पहले रायबरेली निवासी युवक के साथ उसकी शादी हुई थी। उनको दो बेटे हैं। करीब छह महीने पहले छोटा बेटा बीमार हो गया था। बेटे के इलाज के लिए लखनऊ आना-जाना लगा था। रायबरेली शहर के रहने वाले दो लोगों ने उसके पति को दूसरे समुदाय की युवती से मिलवा दिया। युवती ने पति को लव जिहाद के जरिये अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। पति ने युवती के नाम एक फर्म खोल दी है। इसी फर्म के नाम पर अब तक पति ने युवती को लाखों रुपये दे दिए हैं। युवती अब उनके मकान समेत अन्य प्रॉपर्टी पर कब्जा करने का प्रयास कर रही है। उसने न्याय के लिए पुलिस-प्रशासन के अफसरों से मुलाकात की। लेकिन, न्याय नहीं मिला। इस पर महिला ने खून से पत्र लिखकर सीएम योगी से न्याय मांगा है। सीएम को पत्र लिखने के बाद पुलिस हरकत में आई है। पीड़िता के मुताबिक, युवती को उनके पति से मिलवाने वाले दोनों युवक उसे लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इससे वह और उसके बेटे घबराए हुए हैं। डर के मारे उन्हें अपने मायके में रहना पड़ रहा है। युवती के जरिये वो दोनों युवक उनके पति से रुपये ऐंठ रहे हैं।

# किर्क की हत्या करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार, ट्रंप का दावा- बेहद करीबी ने पकड़वाया



**वॉशिंगटन, 12 सितंबर (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि चार्ली किर्क की हत्या करने वाले संदिग्ध को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावर ने कथित तौर पर स्वेच्छा से आत्मसमर्पण किया है। बता दें कि किर्क को यूटा में एक कॉलेज कार्यक्रम में बोलते समय गोली मारी गई थी। डोनाल्ड ट्रंप ने फॉक्स न्यूज को बताया, मुझे पूरा यकीन है कि वह हिरासत में है। उसके किसी बेहद करीबी ने उसे पुलिस के हवाले किया है। ट्रंप ने कहा कि एक मंत्री, जो कानून प्रवर्तन से जुड़े हैं, उन्होंनने संदिग्ध को अधिकारियों के हवाले कर दिया है। ट्रंप ने कहा, ह्यउसके एक बेहद करीबी व्यक्ति ने कहा, यह वही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी चार्ली किर्क की बुधवार को यूटा वैली विश्वविद्यालय परिसर के प्रांगण में सामाजिक मुद्दों पर बोलते समय दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह हमला सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में साफ दिखाई देता है। किर्क माइक्रोफोन पकड़े बोल रहे थे, तभी गोली लगती है और वह खून से लथपथ हो जाते हैं। लोग घबराकर चीखते-भागते नजर आते हैं। इस हत्या ने अमेरिका में बढ़ती राजनीतिक हिंसा पर फिर से चिंता बढ़ा दी है। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों दलों ने इस कृत्य की निंदा की है, लेकिन राजनीतिक मतभेदों से उपजी हिंसा को रोकने का कोई ठोस समाधान अभी दूर नजर आता है। एफबीआई ने बृहस्पतिवार देर शाम एक गोलीबारी से जुड़े एक संदिग्ध की दो तस्वीरें जारी की थीं और जनता से जानकारी देने की अपील की थी। तस्वीरों में एक व्यक्ति टोपी, काले चश्मे और काली फुल-स्लीव शर्ट पहने दिख रहा है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर के पास जंगल में एक तौलिये में लपेटी हुई माउजर .30 कैलिबर बोल्ट-एक्शन राइफल मिली है। इसमें एक इस्तेमाल किया हुआ कारतूस और मैगजीन में तीन और गोलियां थीं। हथियार और गोलियों की जांच संघीय प्रयोगशाला में चल रही है।

# स्पाइसजेट फ्लाइट का टायर टेकऑफ के दौरान रनवे पर गिरा

**मुंबई, 12 सितंबर (एजेंसी)।** गुजरात के कांडला से मुंबई आ रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में बड़ा हादसा टल गया। शुक्रवार को कांडला एयरपोर्ट पर टेकऑफ के दौरान बॉम्बार्डियर क्यू-400 प्लेन का एक टायर रनवे पर गिर गया। इसके बावजूद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए उड़ान जारी रखी। मुंबई एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग से पहले फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गई। हालांकि विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की और खुद टर्मिनल तक पहुंचा। सभी 75 यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। एयरलाइन ने घटना की पुष्टि की है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है और तकनीकी कारणों का पता लगाया जा रहा है। मुंबई एयरपोर्ट पर इंडिगो के ए321 प्लेन की टेल (पिछला हिस्सा) रनवे से टच हो गई। एयरलाइन ने बताया कि खराब मौसम के चलते पायलट ने लैंडिंग के बजाय गो-अराउंड (दोबारा टेकऑफ की प्रक्रिया) करने का फैसला लिया। इसी दौरान विमान की टेल रनवे से टकरा गई। इंडिगो ने बयान जारी करते हुए कहा- ए321 विमान ने कम ऊंचाई पर गो-अराउंड किया। इस दौरान टेल रनवे से छू गई। बाद में विमान ने दूसरी कोशिश में सुरक्षित लैंडिंग की।

# पीटर नवारो की जुबान ही बोल रहे ट्रंप के राजदूत सर्जियो गोर

## बोले- भारत को रूसी तेल खरीदना बंद करना ही होगा




**नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में अगले राजदूत के तौर पर जिनका नाम प्रस्तावित किया है, वे सर्जियो गोर हैं। गोर ने सीनेट में अपने कन्फर्मेशन हियरिंग के दौरान साफ कहा कि ट्रंप प्रशासन की सबसे बड़ी प्राथमिकता भारत को रूसी तेल खरीदना बंद करवाना है। उन्होंने साथ ही भरोसा जताया कि भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ डील पर बातचीत अंतिम चरण में है और जल्द ही इसे लेकर सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने कहा, ह्यराष्ट्रपति ट्रंप ने साफ कह दिया है कि भारत को रूसी तेल खरीदना बंद करना होगा। बीआरआईसीएस समूह में कई मुद्दों पर भारत हमेशा हमारे साथ रहा है। बीआरआईसीएस के कई देश लंबे समय से अमेरिकी डॉलर से दूरी बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन भारत ने इस पर रोक लगाने का काम किया है। भारत हमारे साथ बात करने और जुड़ने के लिए उन बाकी बीआरआईसीएस देशों से ज्यादा तैयार और इच्छुक है। गोर ने आगे कहा, ह्यअसल में दोनों पक्ष इसके बारीक पहलुओं पर बातचीत कर रहे हैं। हमें भारत से अक्सर दूसरे देशों की तुलना में ज्यादा उम्मीदें रहती हैं। मुझे लगता है कि आने वाले हफ्तों में यह मुद्दा सुलझ जाएगा।ह्न सर्जियो गोर ने भारत को अमेरिका का रणनीतिक साझेदार बताया और कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मजबूत नेतृत्व में वे भारत के साथ रिश्तों को और आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, ह्यभारत की भौगोलिक स्थिति, उसकी आर्थिक वृद्धि और सैन्य क्षमता उसे क्षेत्रीय स्थिरता का आधार बनाती है। भारत वैश्विक समृद्धि और साझा सुरक्षा हितों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। अगर सीनेट सर्जियो गोर को भारत का राजदूत नियुक्त करने की मंजूरी दे देता है तो वह सबसे युवा अमेरिकी राजदूत होंगे। गोर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के रिश्तों को ह्यअद्भुतह्न बताया। उन्होंने कहा कि भले ही दोनों देशों के बीच टैरिफ को लेकर तनाव है, लेकिन दोनों नेताओं के बीच आपसी भरोसा और दोस्ती मजबूत है। गोर ने कहा, ह्यराष्ट्रपति ट्रंप अक्सर दूसरे देशों के नेताओं की आलोचना करते हैं, लेकिन जब बात भारत की होती है, तो उन्होंने हमेशा पीएम मोदी की तारीफ की है। दोनों के बीच अविश्वसनीय रिश्ता है।

# ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो को 27 साल जेल की सजा

**ब्राज़िलिया, 12 सितंबर (एजेंसी)।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को 27 साल और तीन महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। सुप्रीम कोर्ट के 5 में से 4 जजों ने उन्हें देश में तख्तापलट की कोशिश का दोषी माना है। इसके बाद कोर्ट ने जेयर बोल्सोनारो को 27 साल जेल की सजा सुनाई। बोल्सोनारो को पांच मामलों में दोषी पाया गया है। इनमें तख्तापलट की साजिश रचने, लोकतांत्रिक कानून व्यवस्था को हिंसक रूप से खत्म करने का प्रयास, एक सशस्त्र आपराधिक संगठन में भागीदारी, गंभीर क्षति पहुंचाने और सूचीबद्ध विरासत स्थलों की दुर्दशा जैसे आरोप शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 2 सितंबर को मामले की सुनवाई शुरू की, जिसमें दोषसिद्धि के लिए मामले की समीक्षा कर रहे 5 जजों की बेंच के बहुमत की जरूरत थी। जस्टिस एलेक्जेंडर डी मोरेस और फ्लेवियो डिनो ने बोल्सोनारो को संबंधित आरोपों में दोषी पाया। जबकि जज लुईज फक्स ने बुधवार को उन्हें बरी करने के पक्ष में मतदान किया। आईएएनएस न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, जस्टिस कारमेन लूसिया और क्रिस्टियानो जानिन ने गुरुवार को उन्हें दोषी ठहराने के लिए अपने वोट डाले। पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो के पास सजा के फैसले को चुनौती देने का मौका है। वे इस फैसले के खिलाफ 11 जजों वाली पूर्ण सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकते हैं। फिलहाल, 70 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति वर्तमान में नजरबंद हैं। इस स्थिति में वे सुनवाई के अंतिम चरण में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं हुए। उन्होंने इस मुकदमे को 2026 के राष्ट्रपति चुनाव में उनकी उम्मीदवारी रोकने की साजिश करार दिया था। हालांकि उन्हें पहले ही अन्य आरोपों में सार्वजनिक पद के लिए अयोग्य ठहराया जा चुका है। इसे बोल्सोनारो ने 'विच हंट' कहा था। उनके इस बयान को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी समर्थन दिया था। उन्होंने बोल्सोनारो के मुकदमे के जवाब में ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। बोल्सोनारो को दोषी ठहराने के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्रंप ने कहा था, "यह बहुत आश्चर्यजनक है। यह वैसा ही है, जैसा उन्होंने मेरे साथ करने की कोशिश की थी, लेकिन वे कामयाब नहीं हुए।"




**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र विनित मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हो गया है। वह घर में लड़ाई-झगड़ा रखता है व अपनी मनमर्जी करता है। मैं व मेरा पूरा परिवार विनित की नाजायज हरकतों से तंग व परेशान आ चुका है। इसलिए मैंने व मेरे परिवार वालों ने विनित से अपने पारिवारिक सम्बंध खत्म कर उसको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब विनित के किसी भी लेन-देन व वाद-विवाद के लिये मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। वह अपने किये के लिये खुद जिम्मेदार है। मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई मतलब-वास्ता अब नहीं रहा है।

सुनील कुमार पुत्र श्रीनिवास
निवासी-ग्राम रसूलपुर, थाना-भोपा
जिला-मुजफ्फरनगर

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 10561, दिनांक 8/11/2011 में गलती से पुत्री का नाम मुक्तिका अंकित कराया गया था, जबकि उसका वास्तविक नाम अनवी है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ-पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक- प्रवीण कुमार
397, रामपुरी, मुजफ्फरनगर
मो. 9760532352

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 3692, दिनांक 23/04/2011 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम उज्जवल मलिक (UJJWAL MALIK) अंकित नहीं कराया गया था। उसका वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

निवेदक- प्रमोद
ग्राम- काजीखेड़ा, मुजफ्फरनगर
मो. 7895731001

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम दिलशाद (DILSHAD) से बदलकर मौ. दिलशाद (MOHD. DILSHAD) रख लिया है। भविष्य में मुझे मौ. दिलशाद (MOHD. DILSHAD) पुत्र भूर (BHUR) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

मौ. दिलशाद पुत्र भूर
म.न. 150, पीर शाह विलायत
कस्सावान, बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर

# बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग

## - गोल्डी बरार गैंग ने ली जिम्मेदारी, पुलिस ने मामला किया दर्ज

**बरेली, 12 सितंबर (एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग का मामला सामना आया है। दिशा के घर पर फायरिंग की जिम्मेदारी रोहित गोदारा और गोल्डी बरार गैंग ने ली है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को बरेली के सिविल लाइंस इलाके में अभिनेत्री दिशा पटानी के घर के बाहर देर रात गोलीबारी हुई। दिशा के घर पर फायरिंग की जिम्मेदारी में कथित तौर पर रोहित गोदारा और गोल्डी बरार ने ली है। बताया गया कि कई राउंड गोलियां चलीं और सुबह करीब साढ़े चार बजे दो राउंड हवाई फायरिंग भी हुई। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस वारदात की जिम्मेदारी ली गई है। पोस्ट हिंदी में लिखा गया था, जिसमें दो व्यक्तियों के नाम लिए गए हैं और फिल्म इंडस्ट्री को खुली धमकी भी दी गई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट सामने आया है। इस पोस्ट में लिखा गया है कि भाईयों, आज खुशबू पाटनी और दिशा पाटनी के बरेली के सिविल लाइन्स स्थित घर पर फायरिंग हुई है, वो हमने करवाई है। पोस्ट में आगे लिखा गया है कि इसने हमारे पूज्य संत प्रेमानंद जी महाराज और अनिरुद्धाचार्य जी महाराज का अपमान किया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट सामने आया है। इस पोस्ट में लिखा गया है कि भाईयों, आज खुशबू पाटनी और दिशा पाटनी के बरेली के सिविल लाइन्स स्थित घर पर फायरिंग हुई है, वो हमने करवाई है। पोस्ट में आगे लिखा गया है कि इसने हमारे पूज्य संत प्रेमानंद जी महाराज और अनिरुद्धाचार्य जी महाराज का अपमान किया है।




# नेपाल में हिंसा में अब तक 51 लोगों की मौत, 12 हजार से ज्यादा कैदी अब भी फरार

**काठमांडू, 12 सितंबर (एजेंसी)।** नेपाल में तनावपूर्ण हालात के बीच सेना के मोर्चा संभालने के बाद पुलिस ने काठमांडू घाटी में धीरे-धीरे अपनी गतिविधियां फिर से शुरू कर दी। द हिंदू के अनुसार, नेपाल पुलिस ने जानकारी दी है कि विरोध प्रदर्शनों में अब तक मरने वालों की संख्या 51 हो गई है। पुलिस प्रवक्ता बिनोद घिमिरे ने एएफपी को बताया कि ह्यइस हफ़्ते अब तक विरोध प्रदर्शनों में 51 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें कम से कम 21 प्रदर्शनकारी और तीन पुलिसकर्मी शामिल हैं।

इसके अलावा अराजकता के दौरान देश भर के कई जेलों से भागे 12,500 से ज्यादा कैदी अभी भी फरार हैं। जानकारी के अनुसार अधिकारियों ने शुक्रवार 12 सितंबर को बताया कि इस सप्ताह के शुरू में हुए हिंसक सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान जिन पुलिस थानों और चौकियों में तोड़फोड़ की गई थी या आग लगा दी गई थी, वे धीरे-धीरे फिर से सक्रिय हो रहे हैं। काठमांडू पुलिस कार्यालय ने बताया कि जेन-जी के नेतृत्व वाले प्रदर्शनों में क्षतिग्रस्त हुए थाने, चौकियां और यूनिट्स धीरे-धीरे फिर से खुल रही हैं और नेपाल पुलिस तथा सशस्त्र पुलिस बल के जवान घाटी की सड़कों और चौकियों के आसपास फिर से दिखाई देने लगे हैं। मालूम हो कि प्रदर्शन के दौरान घाटी के दर्जनों पुलिस थानों में तोड़फोड़ की गई थी और उन्हें नुकसान पहुंचाया गया था। हालांकि, नुकसान इसमें कितने पुलिस थानों को नुकसान पहुंचा था,

इसकी सटीक संख्या की पुष्टि अभी बाकी है। इस संबंध में माई रिपब्लिका समाचार पोर्टल ने रानीपोखरी स्थित काठमांडू घाटी पुलिस कार्यालय के प्रवक्ता एसएसपी शेखर खनल के हवाले से कहा, ह्यऐसी घटनाओं का सटीक डेटा अभी उपलब्ध नहीं है।ह्न खनल ने कहा कि पुलिसकर्मी अपनी चौकियों पर लौट रहे हैं और उपलब्ध सुविधाओं के साथ अपना काम फिर से शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग घाटी के कई इलाकों में तोड़फोड़ किए गए पुलिस थानों के पुनर्निर्माण में भी मदद कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि सामुदायिक नेताओं ने भी जनता से मरम्मत और सफाई के काम में मदद करने का आग्रह किया है।




# नेपाल में भारतीय पत्रकारों के साथ मारपीट, काठमांडू में भारतीय श्रद्धालुओं की बस पर हमला

**काठमांडू, 12 सितंबर (एजेंसी)।** नेपाल में सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे आंदोलन के दौरान भारतीय पत्रकारों के साथ मारपीट और बदसलूकी की कई घटनाएं सामने आई हैं। आज भी दो भारतीय पत्रकारों के साथ बदसलूकी की गई। एक प्रदर्शनकारी ने एक भारतीय समाचार चैनल के पत्रकार को रिपोर्टिंग करते वक्त थप्पड़ मारा। वहीं एक भारतीय न्यूज एजेंसी के कैमरा पर्सन के साथ भी बदसलूकी की गई। पत्रकारों का कहना है कि आंदोलनकारी पहचान पूछकर उन्हें निशाना बना रहे हैं। वहीं, प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि भारतीय मीडिया उनके आंदोलन को गलत तरीके से पेश कर रहा है। इससे पहले 8 सितंबर की रात काठमांडू में भारतीय श्रद्धालुओं की एक बस पर हमला किया गया। इनमें 48 श्रद्धालु सवार थे, जो पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन करने गए थे। उपद्रवियों ने बस पर पत्थरबाजी और लूटपाट की। इसमें 3 से 4 श्रद्धालुओं को चोटें आई है। इस घटना की जानकारी आज सामने आई है। केपी शर्मा ओली के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे को 48 घंटे हो गए हैं, लेकिन अभी तक अंतरिम प्रधानमंत्री तय नहीं हो सका है। इसपर बातचीत आज सुबह 9 बजे फिर से शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि सुशीला कार्की का अंतरिम पीएम बनना लगभग तय है। इससे पहले कल दिनभर चली चर्चा किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। भास्कर सूत्रों के मुताबिक, भले ही सुशीला कार्की को अंतरिम पीएम बनाने पर लगभग सहमति बन गई है, लेकिन मौजूदा संसद को भंग करने या न करने पर चर्चा रुकी हुई है।

# मथुरा में बाढ़ प्रभावित लोगों से मिली बीजेपी सांसद हेमा मालिनी




**मथुरा, 12 सितंबर (एजेंसी)।** यूपी में पिछले कई दिनों से यमुना का रौद्र रूप लगातार जारी है। बढ़ते जलस्तर से आगरा और मथुरा में भी यमुना का प्रकोप नजर आ रहा है। वहीं प्रदेश के कई जिले यमुना और गंगा का प्रकोप झेल रहे हैं। इस बीच प्रशासन की तरफ से बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत शिविर से लेकर हर तरह के इंतजाम किए जा रहे हैं। ऐसे में यूपी मथुरा से बीजेपी सांसद हेमा मालिनी भी बाढ़ पीड़ितों से मिलने पहुंची हैं। सांसद हेमा मालिनी ने 10 सितंबर को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बने राहत कैंपों का निरीक्षण किया और बाढ़ पीड़ितों से बातचीत कर उनका हाल भी जाना। इस दौरान वह वहां रह रहीं महिलाओं के बच्चों को गोद में उठाकर दुलारती भी नजर आईं। बता दें सांसद हेमा मालिनी ने राहत शिविरों में रह रहे लोगों को अपने हाथ से खाना भी परोसा है। इस बीच उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए योगी सरकार के काम की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि यह जो हो रहा है अच्छा नहीं हो रहा है बेचारे लोगों को अपना घर छोड़कर यहां रहना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, यहां पर आए लोगों के लिए अधिकारियों, प्रशासन और खासतौर पर डीएम के द्वारा बेहतरीन इंतजाम किए गए हैं जो तारीफ के योग्य हैं। वहीं उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी 12-13 शिविर और हैं, उधर भी जाकर हम हालातों का जायजा लेंगे। बता दें हेमा मालिनी ने इस दौरान बाढ़ पीड़ितों की मदद की वहीं वह लोगों को खाना बांटती हुई नजर आ रही हैं। इसके अलावा उन्होंने मथुरा में बने अन्य शिविरों का भी निरीक्षण किया है और कैंपों में रह रही महिलाओं के बच्चों को भी प्यार किया है। आगरा से आए बाढ़ पीड़ितों के लिए मथुरा के वृंदावन में विशेष कैंप का आयोजन किया गया, जहां प्रशासन और स्थानीय संगठनों ने मिलकर बेहतरीन व्यवस्था की। माननीय सांसद, जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की जा रही है। कैंप में शरणार्थियों के आराम के लिए अलग-अलग टेंट लगाए गए हैं, भोजन पकाने के लिए रसोई की व्यवस्था है और भोजन परोसने के लिए भी अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं। सिर्फ इंसानों के लिए ही नहीं, बल्कि उनके साथ आए पशुओं, गाय और बकरियों, की देखभाल के लिए भी प्रबंध किया गया है। पशु चिकित्सक भी मौके पर मौजूद हैं।

# वोट डकैती हुई तो यहां भी जनता सड़कों पर दिखाई देगी, नेपाल में हिंसक प्रदर्शन पर क्या बोल गए अखिलेश यादव




**लखनऊ, 12 सितंबर (एजेंसी)।** पड़ोसी देश नेपाल में करप्ट सरकार और सोशल मीडिया बैन को लेकर जेन जी ने भारी प्रदर्शन करना शुरू कर दिया था। हालांकि, अब सब काबू में है और अब अंतरिम पीएम को लेकर लगातार चर्चा हो रही है। इसी बीच समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस कर बड़ा बयान देते हुए कहा कि नेपाल जैसे हालात भारत में भी पैदा हो सकते हैं। उन्होंने सरकार और चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाया और अयोध्या चुनाव में बाहरी लोगों के शामिल होने की बात कही। सपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान अखिलेश से पूछा गया कि श्रीलंका, बांग्लादेश के बाद नेपाल में आंदोलन हुआ। क्या वह ऐसी स्थिति भारत में देखते हैं? इस सवाल के जवाब में यूपी के पूर्व सीएम ने कहा कि पहली प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि पड़ोसी देशों और सीमाओं पर शांति हो। भारत सरकार कई बार अपनी विदेश नीति में असफल रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब अखिलेश से भारत में चुनावी प्रक्रिया को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि अगर ये वोट चोरी से नहीं जीते, तो रिवाल्वर लगाकर जीते। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कुंदरकी चुनाव में जिलाधिकारी और कमिश्नर को निर्देशित किया गया था। रामपुर में चुनाव छीना गया। मीरापुर, अयोध्या में एक मंत्री का आदमी पकड़ा गया था। उन्होंने यह भी कहा कि अगर चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं रहा और "वोट की डकैती" होती रही तो भारत भी उन देशों की तरह बन सकता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की पहली प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि हमारे पड़ोसी देशों और हमारी सीमाओं पर शांति बनी रहे। जैसा कि हम देख चुके हैं, भारत सरकार अपनी विदेश नीति में कई बार असफल रही है। उनकी आंतरिक राजनीति में क्या हुआ, इस बारे में कई कहानियां सामने आती रहती हैं और सोशल मीडिया के जमाने में तो कोई सीमाएं ही नहीं हैं। हम सिर्फ एक नजरिए से देखकर कोई फैसला नहीं कर सकते

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम रिंकी से बदलकर शालू रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम शालू के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

शालू पत्नी श्री राजकुमार
938, मिमलाना रोड, रामलीला टिल्ला, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)

**खोया सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, प्रयागराज की हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष 2016, अनुक्रमांक 0666454 का प्रमाण-पत्र-सह-अंक-पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

रमीज राजा पुत्र नफीस अख्तर
112, किदवईनगर, मुजफ्फरनगर
मो. 7895901070

# दिल्ली के बाद अब बॉम्बे एचसी को मिली बम से उड़ाने की धमकी, खाली कराया गया परिसर




**नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसी)।** बॉम्बे हाईकोर्ट में गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कोर्ट को उड़ाने की धमकी की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि आज बॉम्बे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले आज दोपहर दिल्ली के उच्च न्यायालय में भी बम की धमकी मिली। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, बॉम्बे हाईकोर्ट में बम की धमकी की खबर जैसे ही सामने आई, वहां पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। इसके तुरंत बाद वहां पर मौजूद सुरक्षाकर्मी एक्टिव हो गए। आनन-फानन में बॉम्बे हाईकोर्ट के परिसर को खाली कराया जा रहा है। बम की सूचना मिलने के तुरंत बाद अधिकारी जांच में जुट गए। बॉम्बे हाईकोर्ट में तलाशी ली जा रही है। पूरे परिसर को खाली कराया जा रहा है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि ये बम की धमकी किसने दी थी। गुरुवार को ही दिल्ली के उच्च न्यायालय में भी बम की खबर सामने आई है। जिसके तुरंत बाद पूरे कोर्ट परिसर को खाली करा लिया गया। मौके पर पहुंची दिल्ली पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि सुरक्षा एजेंसियों ने हाईकोर्ट की ओल्ड बिल्डिंग के कर्मचारियों को तुरंत बिल्डिंग से बाहर आने को कहा है। एक स्मार्ट और गतिशील युवा शिया मुस्लिम डॉ. शाह फैसल ने कोयंबटूर में पाकिस्तान की आईएसआई सेल के साथ सफलतापूर्वक संपर्क स्थापित किया है ताकि आज पटना में 1998 के विस्फोटों को दोहराया जा सके। मूल बात यह है कि सेक्युलर पार्टियां परिवारवादी राजनीति और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर बीजेपी/आरएसएस का मुकाबला करती हैं। जब उत्तराधिकारी (राहुल गांधी, उदयनिधि) को सत्ता से रोका जाता है, तो वे फ्रर के खिलाफ लड़ाई में रुचि खो देते हैं। आईईडी डिवाइस की जगह और डिफ्यूजिंग कोड के लिए सत्यभामा सेनगोट्टयन से कॉन्टैक्ट करें। फोनः 98430***। इस तरह सेक्युलर लीडर के नए विकास को बनाने के लिए समीकरण की दिक्कतों को हटाया जाएगा, ताकि झूठे सेक्युलरिस्ट सत्ता से हट जाएं और केवल समर्पित सेक्युलरिस्ट ही पार्टी की सत्ता में आएं। हम प्रस्ताव करते हैं कि डॉ. एझिलान नागनाथन डीएमके की कमान संभालें और इस सप्ताह उदयनिधि स्टालिन के पुत्र इन्बानिधि उदयनिधि पर एसिड अटैक किया जाएगा। खुफिया एजेंसियों को अंदाजा भी नहीं होगा कि यह एक अंदरूनी मामला है। पुलिस के भीतर 2017 से गुप्त एजेंट/संपत्ति बोई गई है, इस पाक शुक्रवार के लिए। उदाहरण के तौर पर आज दिल्ली हाईकोर्ट में होने वाला ब्लॉस्ट पिछले झूठे दावों के संदेह को साफ कर देगा। जज के चैंबर में दोपहर की नमाज के तुरंत बाद विस्फोट होगा।

# लखनऊ में सीएम आवास के पास जहर खाने से युवक की मौत

**लखनऊ, 12 सितंबर (एजेंसी)।** लखनऊ में सीएम आवास से 100 कदम दूर जहर खाने वाले युवक की मौत हो गई है। वह शुक्रवार सुबह 9:20 बजे लामार्ट्स चौराहे पर पहुंचा। पुलिस को चिल्लाकर बताया- उसने जहर खा लिया है। पुलिसकर्मी युवक को लड़खड़ाता देखकर घबरा गए। उसे तुरंत सिविल हॉस्पिटल ले गए। वहां उसे एडमिट कराया। डॉक्टरों ने उसका ट्रीटमेंट शुरू किया। ढाई घंटे बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान बुलंदशहर के तातारपुर के रहने वाले अजय के रूप में हुई। मरने से पहले अजय ने पुलिस को बताया था- वह बिजली विभाग के अधिकारियों से परेशान है। वहीं, उसके बेटे ने बताया है कि विभाग ने पिता पर मुकदमा करा दिया था। पुलिस के मुताबिक, अजय ने पूछताछ में बताया था- 2014 में आटा चक्की लगाई थी। कुछ महीने पहले ट्रांसफॉर्मर फुंक गया। उसने विभाग से शिकायत की तो ट्रांसफॉर्मर बदलवा दिया, लेकिन नया ट्रांसफॉर्मर भी एक घंटा भी नहीं चल पाया। दोबारा ट्रांसफॉर्मर जल गया तो बिजली विभाग के अफसरों ने अब तक ट्रांसफॉर्मर नहीं बदला। वह बार-बार विभाग के चक्कर काट रहा। इसके बावजूद उसका काम नहीं हो पा रहा। विभाग के कर्मचारी उससे खर्चा मांग रहे। बिजली विभाग के अफसर ट्रांसफॉर्मर ठीक कराने के लिए के लिए 70% खर्चा मांग रहे। बिजली विभाग की तरफ से एक एस्टीमेट बनाया गया, जिसमें उससे कहा गया कि ट्रांसफॉर्मर ठीक करने का 70% भुगतान आपको करना होगा, तभी नया ट्रांसफॉर्मर लग पाएगा। इससे आहत होकर शुक्रवार सुबह वह सीएम से जनता दरबार में मिलने के लिए लखनऊ आया। बुलंदशहर के विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता सुशील कुमार पांडेय ने कहा- मामले की जांच कराई जा रही है। यह उपभोक्ता मुझसे सीधे कभी नहीं मिला। विभाग यह पता लगा रहा है कि किस अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही से ट्रांसफॉर्मर की समस्या हल नहीं हुई। दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राहुल गांधी आज गुजरात आएंगे, जूनागढ़ में कांग्रेस के शिविर में भाग लेंगे

**नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसी)।** राहुल गांधी शुक्रवार को गुजरात दौरे पर रहेंगे। वे आज जूनागढ़ के प्रेरणाधाम में हो रहे कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे। राहुल गांधी दोपहर 1 बजे केशोद एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से सड़क मार्ग से जूनागढ़ के भवनाथ में स्थित प्रेरणाधाम पहुंचेंगे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे इसके बाद राहुल गांधी दोपहर 2 बजे शिविर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कांग्रेस का यह ट्रेनिंग कैंप गुजरात में कांग्रेस के नवनियुक्त शहर-जिला अध्यक्षों के लिए हो रहा है। शिविर 10 से 19 सितंबर तक होगा। कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने की। इस दौरान उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा- गुजरात में ही नरेंद्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति को झूला झुलाया था। लेकिन जब चीन ने हमारे सैनिकों पर हमला किया, सीमाओं पर कब्जा किया तो मोदी बोले कि हमारी सीमा में कोई घुसा नहीं है। अब खुद ही जाकर चीन के गले पड़ रहे हैं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।**

पत्रांक- 1175/E-Tender/P.W.D/NPP/2025-26 दिनांक- 12/09/2025

**अल्पकालीन ई- निविदा सूचना**

नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2025-26 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 12 निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 27/09/2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 13/09/2025 की प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 27/09/2025 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 27/09/2025 की अपराह्न 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य 15 वें वित्त आयोग की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉग इन कर प्राप्त कर सकते हैं।

| सहायक अभियन्ता (निर्माण) | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| --- | --- | --- |
| नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद |
| मुजफ्फरनगर | मुजफ्फरनगर | मुजफ्फरनगर |



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए सरकार का सराहनीय प्रयास, मुजफ्फरनगर को मिली 20 मिनी बसों की सौगात

**मुजफ्फरनगर, 12 सितंबर (बु)।** शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैफिक की दिक्कत लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शहर आने की दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सरकार ने एक सराहनीय कदम उठाया है।

**▶▶ ग्रामीण क्षेत्रों के लिये किराया भी 20 प्रतिशत हो सकता है कम**

परिवहन विभाग की ओर से मुजफ्फरनगर डिपो को 20 मिनी बसों की सौगात दी गई है। इन बसों से शहर के लोगों को ग्रामीण क्षेत्र में और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शहर आने की दिक्कत नहीं होगी। आपको बता दें कि पहले से भी लगभग 50 से 60 बसें ग्रामीण क्षेत्रों के लिये मुजफ्फरनगर डिपो से चलती हैं। आपको बता दें कि मुजफ्फरनगर रोडवेज डिपो में लगभग पहले से ही 199 बसों का बेडा है, जिसमें से 14 बसें एसी वाली हैं। ऑर्डनरी बसों में से 50 से 60 बसें विकल्प के हिसाब से चलती हैं। वहीं दूसरी ओर एसी बसों में 7 से 8 बसें विकल्प के तौर पर रखी गई हैं, लेकिन जो 55 सीटर बस होती है, वो ज्यादातर भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में फंस जाती हैं। तीव्र मोड़ हो तो इन बसों को मोड़ना दिक्कत भरा होता है। इस समस्या का सामना कई बार करना पड़ता है, लेकिन बढ़ी बसें लंबे रूट के लिये सक्षम होती हैं। अगर



इटरस्टेट रूट हो तो उसके लिये तो 55 सीटर बस को सबसे उपयोगी माना जाता है। ऐसे में जहां गांव की छोटी सड़कों पर बड़ी बसें चालक और परिचालक के लिये दिक्कत पैदा कर देती हैं। इसमें समय भी खराब होता है। साथ ही डीजल भी इसमें ज्यादा लगता है। लेकिन अब यह छोटी मिनी बसें, जो आई हैं यह भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में निकलने में सक्षम बताई जा रही हैं। यह कुल 20 बसें हैं, जो कि मुजफ्फरनगर के रोडवेज डिपो को मिली हैं। अभी 18 मुजफ्फरनगर पहुंच चुकी हैं और 2 की 24 घंटे में आने की संभावना है।

इससे कम से कम लोगों को राहत की सांस भी मिलेगी। साथ ही बड़ी बसों में यह भी दिक्कत आती थी कि जब तक पूरी तरह से 55 सवारियां बस में ना बैठ जायें तब तक बस चलेगी नहीं। और बड़ी बस को पूरी तरह भरने में भी समय लगता है। ऐसे में छोटी यानी मिनी बस को भरने में समय भी नहीं लगेगा। जो कि लोगों को ज्यादा इतजार होने से

BULLETIN EXCLUSIVE

बचाएगा। साथ ही एक और जानकारी मिल रही है कि ग्रामीण क्षेत्रों में 20 प्रतिशत तक किराया कम करने की भी तैयारी चल रही है। हालांकि इसकी अधीसूचना जारी होना अभी बाकी है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों को इससे काफी लाभ मिलेगा। आपको बता दें कि कुछ महीने पहले परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश ने एक कार्यक्रम के दौरान किराया 20 प्रतिशत कम करने की घोषणा की थी। जिसकी अभी तैयारी चल रही है। इस पर पूरी जानकारी देते हुए डिपो इंचार्ज रवि चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस समय रोडवेज का किराया 1.30 रुपए प्रति किलोमीटर के हिसाब से चल रहा है। इसके अतिरिक्त इसमें बीमे की फीस और टोल जोड़ा जाता है। अगर मान लीजिये कि मुजफ्फरनगर से मेरठ किसी को जाना है, तो वर्तमान में 74 रुपए किराया 5 रुपए बीमा फीस और 11 रुपए यानी कुल 90 रुपए किराया लगेगा और कम होता है, तो यहीं किराया 79 रुपए हो जाएगा। हालांकि हमने आपको यह सिर्फ उदाहरण के तौर पर बताया है, जबकि इसकी नोटिफिकेशन जारी होगी तो यह सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों के लिये ही मान्य होगा। रवि चौधरी के अनुसार अब किराया तो जब कम होगा, तब होगा, लेकिन यह 20 बसें जो रोडवेज को मिली हैं, यह मुजफ्फरनगर के ग्रामीणों के लिये वरदान साबित होंगी। लोगों का समय पर पहुंचाना और रोडवेज के तेल की भी इससे बचत होगी।

## नेपाल की पहली महीला पीएम बनीं सुशीला कार्की, राष्ट्रपति ने तीन और मंत्रियों को शपथ दिलाई

**काठमांडू, 12 सितंबर (एजेंसी)।** सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला अंतरिम पीएम बन गई हैं। उन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में शपथ दिलाई। उनके अलावा कुलमान घीसिंग, ओम प्रकाश अर्याल, बालानंद शर्मा ने मंत्री पद की शपथ ली। इस कैबिनेट में जेन-जेड प्रदर्शनकारियों का कोई भी नेता शामिल नहीं है। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला चीफ जस्टिस भी रह चुकीं हैं। उन्होंने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से पॉलिटिकल साइंस में पोस्ट ग्रेजुएशन किया था। यह कैबिनेट आज रात ही पहली बैठक करेगी। इसी साथ सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला अंतरिम पीएम बन गई हैं। उन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में शपथ दिलाई। उनके अलावा कुलमान घीसिंग, ओम प्रकाश अर्याल, बालानंद शर्मा ने उनके साथ शपथ ली है। शुक्रवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के साथ सेना प्रमुख जनरल अशोक राज की मौजूदगी में जनरेशन-जी के नेतृत्वकताओं ने एक बैठक की थी। जिसमें पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने पर सहमति बनी थी। आपको बता दें कि सुशीला कार्की का



जन्म सात जून 1952 को विराटनगर में हुआ था। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से राजनीति शास्त्र में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। इसके अलावा उन्होंने कानून की पढ़ाई नेपाल की त्रिभुवन यूनिवर्सटी से की। इसके बाद वकालत और कानूनी सुधारों के क्षेत्र में अपने करियर की शुरूआत की। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रह चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई ऐतिहासिक मामलों की सुनवाई की, जिनमें चुनावी विवाद भी शामिल थे। नेपाल में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध के खिलाफ हाल में हुए ह्यजेन जेडह्ण प्रदर्शन में एक भारतीय नागरिक सहित कम से कम 51 लोगों की मौत हुई है। काठमांडू पोस्ट अखबार ने नेपाल पुलिस के सह-प्रवक्ता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रमेश थापा के हवाले से कहा कि मृतकों में एक भारतीय नागरिक, तीन पुलिसकर्मी और अन्य नेपाली नागरिक शामिल हैं।

## गाजियाबाद में नकली नोटों के सप्लायर हुए गिरफ्तार

**गाजिबाद, 12 सितंबर (एजेंसी)। गाजियाबाद में ठगी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। यूपी एसटीएफ ने गैंग के कुल 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गैंग 10 लाख रुपए के बदले 15 लाख रुपए की नकली नोट देता था। गैंग, नकली नोट के अलावा ऑनलाइन गेमिंग ऐप और क्रिप्टो करेंसी लेन-देन पर भी करोड़ों की ठगी कर चुका है। पकड़े जाने के डर से गैंग मेबर्स, हर हफ्ते अपने रहने की जगह बदल देते थे। पुलिस को इनके पास से 100 से अधिक बैंक अकाउंट मिले हैं। ये लोग 100 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी कर चुके हैं। यूपी एसटीएफ ने बताया कि 11 सितंबर की पूरी रात गाजियाबाद में अलग-अलग जगहों पर रेड डालकर कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस गैंग का मास्टरमाइंड शुभम राज है। वो बिहार का रहने वाला है। वह 12वीं तक पढ़ा है। इस गैंग के पास से करीब 25.6 लाख रुपए कैश बरामद हुआ है। भारी मात्रा में कागज के नकली नोट और नोट गिनने की मशीन भी मिली है। एसटीएफ से जुड़े आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुख्य आरोपी को गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार के गौड़ सिद्धार्थम अपार्टमेंट से पकड़ा गया।आरोपी किराये पर कमरा लेकर वहां रह रहा था। पिछले एक हफ्ते से ठगी का नेटवर्क चला रहा था। शुभम राज ने खुद को एक आईटी कंपनी का इंजीनियर बताकर किराए पर कमरा लिया था। जिस ब्रोकर से कमरा लिया था, वही फर्जी डॉक्यूमेंट बनाता था। हर बड़ी डील के लिए वो किराए पर नए-नए कमरे दिलवाता था। इन कमरों के बाथरूम में कुछ बदलाव कराकर पैसों की ठगी के दौरान इस्तेमाल करते थे। दरअसल, जब नकली नोट देना होता था तो क्लाइंट को उसी कमरे में बुलाते थे। रुपए से भरे बैग लेकर एक चादर फैलाकर उसी पर पहले 200-100 रुपए के असली नोट मशीन से गिनते थे। इसके बाद उसे बाथरूम से बनाए सीक्रेट रास्ते से धीरे से नकली नोट बदल देते थे। फिर क्लाइंट के बैग में पहले कुछ असली नोट और बीच में भारी मात्रा में नकली नोट या कागज की सिर्फ गड्डियां लगा देते थे।**

## भाजपा मंडल अध्यक्ष के भाई के ग्राहक सेवा केंद्र पर चोरों का धावा

**▶▶ कुंबल लगाकर हजारों की नगदी, लैपटॉप व मोबाइल किए चोरी**

**भोपा, 12 सितम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर जनपद में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद नजर आ रहे हैं। थाना क्षेत्र नई मंडी के गांव जटमुझेड़ा में बीते गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए भाजपा के मंडल अध्यक्ष के भाई के एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र को निशाना बनाकर हजारों की नकदी, लैपटॉप और मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। सुबह केंद्र पर पहुंचे दुकान मालिक को घटना का पता चला तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की है।

मुजफ्फरनगर के नई मंडी थानाक्षेत्र के गांव जटमुझेड़ा में भाजपा के मंडल अध्यक्ष इंद्र कुमार प्रजापति के छोटे भाई सहदेव का भारतीय स्टेट बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र और बराबर में ही जनसेवा केंद्र है। शुक्रवार सुबह सहदेव का छोटा भाई हरेंद्र कुमार रोजाना की तरह सुबह दुकान खोलने पहुंचा था। जैसे ही उसने शटर उठाया तो अंदर का नजारा देख उसके होश उड़ गए। दुकान के पीछे की दीवार में कुंबल लगाकर चोर अंदर घुसे और वहां से करीब पचास हजार रुपये नगद, दो लैपटॉप और एक मोबाइल चोरी कर लिए। घटना की



जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इसके बाद सीओ राजु कुमार साव, थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजकुमार शर्मा ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से विस्तार से जानकारी प्राप्त की। केंद्र संचालक सहदेव प्रजापति ने बताया कि उनके केंद्र से आम लोगों के बैंकिंग से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य किए जाते हैं। ऐसे में दस्तावेजों व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की चोरी होने से उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी व बरामदगी की मांग की है। उधर गांव में हुई इस सेंधमारी से ग्रामीणों में रोष और दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि यदि अपराधियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

## सिक्किम में भूस्खलन से तबाही, चार की मौत और तीन लापता

**गैंगटोक, 12 सितंबर (एजेंसी)।** सिक्किम में भूस्खलन की घटना में जहां चार लोगों की मौत हो गई है वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। गुरुवार देर रात यह घटना पश्चिम सिक्किम के यांगथांग विधानसभा क्षेत्र के अधीन अपर रंबी में हुई है। पुलिस तथा प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है। गेजिंग के पुलिस अधीक्षक छीरिंग शेरपा के अनुसार, भूस्खलन के समय तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। खबर मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची एवं राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। पुलिस टीम ने स्थानीय ग्रामीणों और एसएसबी के साथ मिलकर ह्यूम नदी पर अस्थायी रूप से पेड़ के लट्ठों का पुल बनाकर दो घायल महिलाओं को प्रभावित क्षेत्र से निकाला। दोनों को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक महिला की मौत हो गई। दूसरी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। एसपी शेरपा ने कहा खराब मौसम के कारण राहत एवं बचाव कार्य में परेशानी आ रही है। आपको बता दें कि गेयजिंग के पुलिस अधीक्षक त्सेरिंग शेरपा ने बताया कि भूस्खलन में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

## पुरबालियान में साइबर फ्रॉड का बड़ा खुलासा, नाइजीरिया से गांव का युवक चला रहा था 17 करोड़ की ठगी का जाल

**स्थानीय पुलिस को जानकारी तक नहीं, दिल्ली पुलिस ने गुप्त रूप से की कार्रवाई**

**मुजफ्फरनगर, 12 सितंबर (बु)।** मुजफ्फरनगर के पुरबालियान गांव में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। दिल्ली पुलिस साइबर सेल की जांच में खुलासा हुआ कि गांव का युवक नाइजीरिया से साइबर फ्रॉड का रैकेट चला रहा था। आरोपी ने अपने ही गांव के 13 युवकों के दस्तावेजों का इस्तेमाल कर फर्जी आईडी बनाई थी। आरोपी युवकों के आधार पर बैंक खाते व मोबाइल नंबर एक्टिवेट किए।

इन्हीं खातों से देशभर में लोगों को डीलरशिप देने का झांसा देकर ठगी की गई। दिल्ली पुलिस की जांच में पता चला है कि आरोपी युवक ने फर्जी कंपनी लॉन्च की। कंपनी की डीलरशिप देने के नाम पर लोगों से सिक्योरिटी



मनी ली गई। बिजनेस प्लान में मोटे मुनाफे का लालच देकर कई लोगों को जाल में फंसाया गया। इस तरह आरोपी ने करीब 17 करोड़ रुपये की ठगी की। मामले में 6 सितंबर को इंस्पेक्टर एमए खान के नेतृत्व में दिल्ली पुलिस साइबर सेल की टीम पुरबालियान गांव पहुंची। टीम ने कई युवकों और उनके परिजनों से पूछताछ की। विदेश में रहने वाले युवकों के बारे में भी जानकारी जुटाई गई। इसी दौरान स्थानीय पुलिस मौजूद नहीं थी। मन्सूरपुर थाना प्रभारी आनंद देव मिश्र का कहना है कि उन्हें न तो दिल्ली पुलिस के छापे की कोई सूचना है और न ही साइबर ठगी से संबंधित शिकायत। जिले के साइबर थाने ने भी इस तरह की कोई जानकारी होने से इनकार किया है।

## कांग्रेस का एआई-वीडियो, दिखाया-पीएम के सपने में उनकी मां आई, बोलीं- राजनीति के लिए कितना गिरोगे

**नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसी)।** बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी को मां की गाली देने पर मचे बवाल के बाद बिहार कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर एक एआई जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो के बाद बिहार में सियासी पारा चढ़ गया है। 36 सेकेंड के एआई जनरेटेड वीडियो में पीएम मोदी से मिलते शख्स और उनकी दिवंगत मां हीराबेन से मिलती जुलती महिला को दिखाया गया है। वीडियो के कैप्शन में लिखा है- साहब के सपनों में आई मां। देखिए रोचक संवाद। गुरुवार रात शेयर हुए इस वीडियो में दिखाया गया है, प्रधानमंत्री के सपने में उनकी मां आकर कह रही है कि राजनीति के लिए कितना गिरोगे? भाजपा ने इस वीडियो को प्रधानमंत्री और उनकी मां के खिलाफ आपत्तिजनक बताते हुए कांग्रेस पर हमला किया है। बीजेपी का आरोप है कि कांग्रेस ने राजनीतिक बहस का स्तर गिरा कर सारी हदें पार कर दी हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, 'राहुल गांधी अब इतना नीचे गिर गए हैं। जैसे उनकी नकली मां है, अपनी मां की इज्जत का ख्याल नहीं है। वह दूसरे की मां को कहां से सम्मान देंगे।' इससे 12 घंटे पहले बिहार बीजेपी के एक्स हैंडल से एक एआई जनरेटेड वीडियो शेयर किया गया था। जिसमें राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को मीडिया से बात करते हुए दिखाया गया। वीडियो में सीएम फेस को लेकर सवाल हो रहा है। जिसके बाद राहुल के पीएम बनने और तेजस्वी के सीएम बनने पर दोनों बहस करते दिखाई दे रहे हैं। बिहार कांग्रेस के एक्स हैंडल पर जो एआई जनरेटेड वीडियो जारी किया गया है। उसके कैप्शन में लिखा है, साहब के सपनों में आई मां। इसके बाद दो किरदार दिखाए गए हैं। जिसमें एक बुजुर्ग महिला (पीएम की मां से मिलती-जुलती) एक शख्स (पीएम से मिलते-जुलते) के सपनों में आती हैं। कहती हैं 'अरे बेटा पहले तो तुमने मुझे नोटबंदी की लाइनों में खड़ा किया। मेरे पैर धोने की रील्स बनवाई और अब बिहार में मेरे नाम पर राजनीति कर रहे हो।' 'तुम मेरे अपमान के बैनर-पोस्टर छपवा रहे हो। तुम फिर बिहार में नौटंकी कर रहे हो। राजनीति के नाम पर कितना गिरोगे।'



## भक्तों के लिए आ गई खुशखबरी, 14 सितंबर से फिर शुरू होगी मां वैष्णो देवी की यात्रा

**जम्मू, 12 सितंबर (एजेंसी)।** खराब मौसम और ट्रैक की आवश्यक मरम्मत कार्यों के चलते अस्थायी रूप से स्थगित की गई श्री वैष्णो देवी यात्रा अब फिर से शुरू होने जा रही है। श्राइन बोर्ड ने मौसम में सुधार देखते हुए नवरात्रि से पहले यात्रा शुरू करने का ऑफिशियल एलान किया है, जिसके तहत इसकी 14 सितंबर से फिर से शुरूआत होगी। यह यात्रा पिछले 17 दिनों से स्थगित है। श्राइन बोर्ड ने तीर्थ यात्रियों को सलाह दी है कि वह अपने साथ पहचान पत्र और आरएफआईडी-आधारित ट्रैकिंग कार्ड साथ जरूर रखें। श्राइन बोर्ड ने भक्तों से अनुरोध किया है कि यात्रा के दौरान निर्धारित मार्गों का पालन करें और जमीनी कर्मचारियों के साथ सहयोग करें। श्रद्धालु लाइव अपडेट, बुकिंग सेवाओं और हेल्पलाइन सहायता के लिए श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर जानकारी ले सकते हैं।

## पत्नी से पीड़ित पति पहुंचा एसएसपी कार्यालय

**▶▶ बोला न आती है न तलाक देकर जाती है**

**मुजफ्फरनगर, 12 सितंबर (बु)।** कभी कभी कुछ पत्नियां पति के गले की फांस बन जाती हैं। न छोड़कर जाती हैं ना लाई जा सकती हैं। ऐसा ही एक मामला लेकर नई मण्डी थाना क्षेत्र का रहने वाला महेश पुत्र घसीटा एसएसपी कार्यालय पहुंचा, जहां जानकारी देते हुए पीड़ित ने बताया कि उसकी शादी 12 वर्ष पहले वर्ष 2013 में ममतेश पुत्री मनीराम निवासी ग्राम बेहड़ा, हाल निवासी गली नं. 7, बचन सिंह कॉलोनी के साथ हुई थी। विवाह के कुछ



दिन बाद से पत्नी ने अपने मायके आना-जाना शुरू कर दिया था और रोकने पर भी नहीं रुकती थी। महेश ने आज मीडिया के सामने जानकारी देते हुए बताया कि जब वह अपनी पत्नी को लेने के लिए अपने ससुराल जाता था तो उसकी पवन कुमार पुत्र जगदीश नाम का आदमी पिटाई कर दिया करता था। ममतेश कहने को तो उसे अपना भाई बताती है मगर मामला कुछ दूसरा ही है। बड़ी बात यह है कि अब महेश इस बात से पीड़ित है कि न तो उसकी पत्नी आती है और न ही उसे तलाक देकर छोड़ती है। जब तलाक के बारे में बातचीत की जाती है तो आरोप है कि ममतेश उससे पैसे की मांग करते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है। फिलहाल पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर गुहार लगाई है कि किसी भी तरह से इस मामले को एक तरफा कराया जाये। या तो उसे उसकी पत्नी वापस दिलाई जाए या फिर फैसला कराकर उसका तलाक करा दिया जाये।

## दिल्ली में ऊंटों के जरिए शराब की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस ने शराब तस्करी का एक अनोखा और चौंकाने वाला मामला उजागर किया है। पुलिस ने दक्षिण दिल्ली के जंगलों के रास्ते ऊंटों के जरिए शराब की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और शराब की अवैध खेप को सुरक्षित तरीके से पहुंचाने के लिए ऊंटों का इस्तेमाल करता था। उनका तरीका बेहद अनोखा था। आरोपियों ने चौकियों और गश्ती दलों से बचने के लिए कच्चे और सुनसान रास्तों का चुनाव किया। वे ऊंटों की पीठ पर शराब के डिब्बे लादकर जंगलों और अंधेरी पगडंडियों से शराब की खेप को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाते थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तस्कर अक्सर रात के समय सक्रिय होते थे। ऊंटों पर रखे शराब के डिब्बे सामान्य नजर में दिखना मुश्किल होता था, जिससे उन्हें पकड़ना कठिन हो जाता था। यही वजह थी कि वे कई बार पुलिस और स्थानीय निगरानी से बचने में सफल हो जाते थे। हालांकि, पुलिस को लगातार मिल रही गुप्त सूचनाओं के आधार पर एक विशेष टीम बनाई गई। टीम ने तस्करों की गतिविधियों पर नजर रखी और सही समय पर कार्रवाई कर उन्हें धर दबोचा। पुलिस ने मौके से 42 ऊंट और शराब से भरे डिब्बे बरामद किए।

## इंस्पेक्टर समेत 3 पर गैंगरेप की एफआईआर, बैंक कर्मी बोली-अश्लील वीडियो बनाया

**कानपुर, 12 सितंबर (एजेंसी)।** कानपुर में एक बैंक कर्मी महिला ने इंस्पेक्टर समेत तीन लोगों पर रेप की एफआईआर कराई है। आरोप है कि क्राइमब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर और उसके दोस्तों ने रेप किया। इसके बाद उसका अश्लील वीडियो बना लिया। जिसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे वजह से मैं डिप्रेशन में चली गई हूं। कई बार सुसाइड करने ख्याल आए। सीसामऊ थाने में इंस्पेक्टर तैनात है। इस वजह से जांच को चमनगंज थाना प्रभारी को ट्रांसफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसामऊ निवासी महिला का आरोप है कि उनकी बेटी बीते कई दिनों से अवसाद में है। इतना डिप्रेशन में चली गई है कि सुसाइड भी कर सकती थी। परिवार के लोगों ने उसकी काउंसिलिंग करके मामले की जानकारी हासिल की तो दंग रह गए। उनकी बेटी बैंक कर्मी ने बताया कि क्राइमब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर वैभव और इलाके के एक युवक पर गैंगरेप करने का आरोप लगाया। आरोपी की बहन के चक्कर में वह उसके भाई और फिर क्राइमब्रांच के इंस्पेक्टर के संपर्क में आई और उसके साथ हैवानियत का खेल हुआ। आरोपियों ने उसके साथ गैंगरेप का वीडियो बनाकर महीनों से उसका शारीरिक और आर्थिक शोषण कर रहे हैं। आरोपियों की हरकत यहीं नहीं थमीं, उनके दामाद को भी बेटी का अश्लील वीडियो दिखाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सीसामऊ पुलिस ने इंस्पेक्टर समेत तीन लोगों के खिलाफ गैंगरेप की रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी इंस्पेक्टर के सीसामऊ थाना क्षेत्र में रहने के चलते मामले की जांच चमनगंज थाना प्रभारी को दी गई है। आरोपी इंस्पेक्टर को भी मामले में बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस दिया गया है। डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि आरोप के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। साक्ष्यों के आधार पर केस की जांच शुरू कर दी गई है। आरोप सही पाए गए तो आरोपियों के खिलाफ मामले में कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

**शेष समाचार : पालिका ईओ और टीएसआई का शानदार काम**





काटे गए, वहीं पालिका ने 3 दुकानों से करीब 6 हजार रुपये का जुर्माना किया और 4 हजार की वसूली की, जबकि एक दुकानदार की वसूली नहीं होने के चलते उसकी रेहड़ी को कब्जे में लेकर जब्ती की कार्रवाई की गई। इस दौरान कई दुकानदारों को अतिक्रमण होने की दशा में फिर एक बार समझाया गया और एक बार फिर चेतावनी देकर मौका दिया गया कि वो अपना छोटा-बड़ा जैसा भी अतिक्रमण है, उसको हटा ले। स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने इस पहल की सराहना की है। उनका कहना है कि इस तरह की नियमित कार्रवाई से ही शहर में व्यवस्था बनी रह सकती है। डॉ. प्रज्ञा सिंह और राकेश कुमार की टीम ने यह साबित कर दिया है कि अगर अधिकारी दृढ़ता से काम करें, तो शहर की समस्याओं का समाधान संभव है।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- पूरे देश को साफ हवा का हक, दिल्ली-एनसीआर ही क्यों, देशभर में पटाखे बैन होने चाहिएं

**नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली में पटाखों को बैन करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि अगर दिल्ली-एनसीआर के शहरों को साफ हवा का हक है तो दूसरे शहरों के लोगों को क्यों नहीं? प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सीजेआई गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि अगर पटाखों पर प्रतिबंध लगाना है तो पूरे देश में बैन करना चाहिए। साफ हवा का अधिकार सिर्फ दिल्ली-एनसीआर तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि पूरे देश के नागरिकों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संबंधी जो भी नीति हो वह पूरे भारत में होनी चाहिए। हम सिर्फ दिल्ली के लिए इसलिए नीति नहीं बना सकते, क्योंकि यहां देश का एलीट क्लास हैं। अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के 3 अप्रैल 2025 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें दिल्ली-एनसीआर में पटाखों की बिक्री, स्टोरेज, परिवहन और निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश को संशोधित करने की मांग की गई है। दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 200 पार होने के बाद 14 अक्टूबर को दिल्ली एनसीआर में जीआरएपी-1 लागू कर दिया गया था। इसके तहत होटलों और रेस्तरां में कोयला और जलाऊ लकड़ी



के उपयोग पर बैन है। कमीशन ऑफ एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने एजेंसियों को पुराने पेट्रोल और डीजल गाड़ियों (बीएस -क्क्क पेट्रोल और बीएस-क्ष् डीजल) के संचालन पर सख्त निगरानी के आदेश दिए हैं। आयोग ने एजेंसियों से सड़क बनाने, रेनोवेशन प्रोजेक्ट और मेंटेनेंस एक्टिविटीज में एंटी-स्मॉग गन, पानी का छिड़काव और डस्ट रेपेलेंट तकनीकों के उपयोग को बढ़ाने के लिए भी कहा है।

## किसानों पर आपत्तिजनक ट्वीट मामले में कंगना रनौत को राहत नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने शिकायत रद्द करने से किया इनकार

**नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसी)।** बॉलीवुड की 'पंगा क्वीन' और बीजेपी सांसद कंगना रनौत एक बार फिर अपने सोशल मीडिया पोस्ट की वजह से विवादों में फंस गई हैं। किसान आंदोलन से जुड़े एक ट्वीट पर मानहानि का मामला चल रहा है और इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कंगना को कोई राहत नहीं दी। कोर्ट ने साफ कहा कि यह कोई सामान्य ट्वीट नहीं था, बल्कि इसमें 'मसाला' डाला गया था। दरअसल, 2021 में पंजाब के बठिंडा ज़िले की 73 साल की महिला किसान महिंदर कौर ने कंगना के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप है कि कंगना ने एक ट्वीट को री-ट्वीट करते हुए यह झूठा दावा किया कि वह वही 'दादी' हैं जो शाहीन बाग आंदोलन का हिस्सा थी। महिंदर कौर का कहना है कि इससे उनकी छवि को नुकसान हुआ और यह उनकी मानहानि है। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच में हुई। सुनवाई के दौरान कंगना की तरफ से दलील दी गई कि असली ट्वीट उन्होंने नहीं किया था, बल्कि यह तो किसी और का पोस्ट था, जिसे उन्होंने आगे बढ़ाया। उनके अनुसार, यह सीधे-सीधे महिंदर कौर को लेकर नहीं लिखा गया था। कोर्ट ने इस तर्क को मानने से इनकार कर दिया. जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि यह सिर्फ एक साधारण री-ट्वीट नहीं था, बल्कि कंगना ने इसमें अपनी तरफ से शब्द जोड़े और 'मसाला' डाला इसलिए यह मामला गंभीर है और ट्रायल में इसकी जांच की जाएगी। कंगना की वकील ने दलील दी कि उनकी मुवक्किल पंजाब जाकर ट्रायल में हिस्सा नहीं ले सकती। इस पर कोर्ट ने साफ कहा कि ट्रायल कोर्ट का काम सिर्फ शिकायत में दर्ज तथ्यों को देखना होता है और उसी आधार पर समन जारी किया गया था। बाकी बातें ट्रायल में ही साबित होंगी। कंगना ने अपनी याचिका सुप्रीम कोर्ट से वापस ले ली, यानी अब उन्हें निचली अदालत में ही ट्रायल का सामना करना होगा। इस तरह, किसान आंदोलन वाले ट्वीट पर कंगना रनौत की कानूनी मुश्किलें अभी खत्म नहीं हुई हैं, बल्कि और बढ़ गई हैं।

## पीएम मोदी ने लॉन्च किया ज्ञान भारतम पोर्टल, प्राचीन पांडुलिपियों को मिलेगा डिजिटल जीवन

**नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पांडुलिपि धरोहर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ज्ञान भारतम पोर्टल की शुरूआत की। ज्ञान भारतम एक डिजिटल मंच है, जिसका उद्देश्य भारत की प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण, डिजिटलीकरण और उनके पारंपरिक ज्ञान का प्रचार-प्रसार करना है। इस सम्मेलन का विषय पांडुलिपि धरोहर के माध्यम से भारत की ज्ञान परंपरा की पुनर्प्राप्ति है, जो कि 11 से 13 सितंबर तक संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया है। बता दें कि ज्ञान भारतम एक डिजिटल गेटवे के रूप में काम करेगा, जो भारत के प्राचीन ज्ञान को दुनिया के सामने लाने में मदद करेगा। इसके तहत पूरे देश में फैली एक करोड़ से अधिक पांडुलिपियों को चिन्हित कर उन्हें डिजिटाइज, संरक्षित और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। ये पांडुलिपियाँ विश्वविद्यालयों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों और



निजी संग्रहों में रखी गई हैं।

ज्ञान भारतम पोर्टल के तहत बनाए गए आठ विशेष कार्य समूहों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में अपने-अपने क्षेत्रों में हो रहे कार्यों की प्रस्तुति दी। ये समूह पांडुलिपियों के संरक्षण, डिजिटलीकरण तकनीक, मेटाडेटा मानकों के निर्धारण, कानूनी ढांचे के विकास, सांस्कृतिक कूटनीति, और प्राचीन लिपियों को पढ़ने व समझने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर काम करेंगे। इन कार्य समूहों का उद्देश्य भारत की प्राचीन ज्ञान धरोहर को संरक्षित कर डिजिटल रूप में भविष्य की पीढ़ियों तक पहुंचाना है। गौरतलब है कि भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी प्राचीन पांडुलिपियों की धरोहर मानी जाती है। देश में करीब एक करोड़ पांडुलिपियां हैं, जिनमें आयुर्वेद, गणित, खगोल विज्ञान, दर्शन, संगीत, योग जैसे विषयों में गहरा ज्ञान समाया हुआ है। ऐसे में ज्ञान भारतम की पोर्टल की शुरूआत का उद्देश्य भारत की पांडुलिपियों में छिपा परंपरागत ज्ञान वैश्विक मंच पर पहुंचे और भारत फिर से वैश्विक ज्ञान परंपरा का मार्गदर्शक बने।